पत्रांक–5/बजट (सामग्री एवं पूर्तियाँ)–अंचल–आ0–08/2026.....113.....(5)/रा0,

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक

देवेश कुमार,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

ई–मेल

सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना–15, दिनांक–05-03-2026

विषय :– विभाग द्वारा आवंटित राशि का व्यय किये जाने के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अन्तर्गत विभिन्न यथा–विपत्रकोड–40–2029001040001, 40–2029001040002 इत्यादि के अन्तर्गत विभिन्न विषयशीर्षो में राशि आवंटित की गयी है।

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 समाप्ति पर है किन्तु जिला कार्यालय में वर्तमान में भी विभिन्न मदों में काफी राशि उपलब्ध है एवं उक्त विपत्रकोड में निर्गत किये गये आवंटन की तुलना में व्यय का प्रतिशत काफी कम है।

उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा विपत्रकोड–40–2029001040001 के अन्तर्गत विभिन्न कार्यों हेतु यथा–सभी अंचल कार्यालयों में CCTV Camera के क्रय एवं अधिष्ठापन, अंचल कार्यालयों में आवश्यकतानुसार सामग्री एवं मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता के राजस्व न्यायालयों के अन्तर्गत होनेवाले कार्यालय संबंधी व्यय इत्यादि हेतु भी राशि आवंटित की गयी है।

कतिपय जिलों में आवंटित की गयी राशि के विरूद्ध राशि का उपावंटन/निकासी एवं व्यय नहीं किया जा सका है, जिसके कारण अत्यधिक राशि के प्रत्यर्पण की संभावना बनी रहती है एवं राशि की निकासी इसी वित्तीय वर्ष (2025–26) में नहीं किये जाने पर देयता अगले वित्तीय वर्ष में बनी रहती है।

उक्त के आलोक में निदेशानुसार, अनुरोध है कि विभाग द्वारा विभिन्न विपत्रकोड अन्तर्गत विभिन्न विषयशीर्षो में आवंटित राशि के विरूद्व नियमानुसार राशि का उपावंटन/निकासी एवं व्यय सुनिश्चित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

5.3.26

(देवेश कुमार)
सरकार के उप सचिव।

D:\Revenue 2026\e-file\Letter\व्यय में तीव्रता लाने के सम्बन्ध में(05.03.26).doc